# शिक्षा संस्कृति एवं उत्थान के कार्य राष्ट्रीय हित में : पुरोहित

■ पोकरण में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को लेकर ज्ञान महाकुंभ का पोस्टर विमोचन किया गया

**पोकरण**, (निसं)। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के अवसर पर एक माह तक ज्ञान महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसके न्यास द्वारा ज्ञान महाकुंभ का पोस्टर विमोचन पोकरण नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित,पंचायत समिति सांकडा प्रधान भगवत सिंह तंवर, शिक्षाविद अनिल शर्मा, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार सम्मानित नारायण सिंह तंवर, राजपूत सेवा समिति पोकरण के अध्यक्ष एवं समाजसेवी बलवंत सिंह जोधा, न्यास के जैसलमेर प्रतिनिधि विक्रम सिंह रावलोत, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के संभाग संगठन मंत्री राणीदान सिंह भुट्टो ने गुरुवार को पंचायत समिति सांकडा सभागार में किया गया।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के विक्रम सिंह ने न्यास का परिचय देते हुए बताया कि प्रयागराज में ज्ञान महाकुंभ परिसर में प्राथमिक शाला के शिक्षक से लेकर उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा प्रबंधन शिक्षा के बडे-बडे संस्थाओं के निदेशक, कुलपति, कुलाधिपति, शिक्षा मंत्री, अभिभावक और विद्यार्थी सभी मिलकर देश के वर्तमान एवं भविष्य के शैक्षिक परिदृश्य पर विचार मंथन करेंगे। उन्होंने बताया कि ज्ञान महाकुंभ का शुभारंभ 10 जनवरी 2025 को हो गया है । जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन हो रहा है। नारायण सिंह तंवर ने बताया कि देशभर में शिक्षा क्षेत्र में चल रहे सार्थक कार्यों की एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है । साथ ही प्रतिदिन शिक्षा के अलग-अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही पर्यावरण के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का समाधान करने में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय जीवन शैली की भूमिका को लेकर 31 जनवरी को इसी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय हरित महाकुंभ का आयोजन होगा। जिसमें देश भर के पर्यावरणविद एक साथ जुडेंगे और जल, जमीन, जंगल, नदी व ग्लोबल वार्मिंग सहित पर्यावरण से जुडे विभिन्न विषयों पर चिंतन मनन कर पर्यावरण घोषणा पत्र जारी करेंगे।

राणीदान सिंह भुट्टो ने बताया कि ज्ञान महाकुंभ में 7, 8 और 9 फरवरी को राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है । जिसकी थीम भारतीय ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत रहेगी। 7 फरवरी को शिक्षा क्षेत्र में कार्य कर रहे पूज्य संतों, गुरुकुल संचालकों, निजी क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य करने वाले शैक्षिक संस्थानों का सम्मेलन होगा । अगले दिन 8 फरवरी को शिक्षा क्षेत्र में शासन प्रशासन की भूमिका को लेकर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देशभर के शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, अखिल भारतीय शैक्षिक संस्थानों के निर्देशक, चेयर पर्सन, कुलपति कुलाधिपति, शैक्षिक संस्थानों के संचालक, संस्था प्रधान इत्यादि सम्मिलित होंगे जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन एवं भारत केंद्रित शिक्षा पर विशेष चिंतन मनन संवाद होगा तथा राष्ट्रीय शिक्षा शैक्षिक घोषणा पत्र जारी किया जाएगा। विमोचन के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा किया गया किया जा रहा कार्य राष्ट्र हित के लिए अति आवश्यक एवं उपयोगी सिद्ध होगा है।

पंचायत समिति प्रधान भगवत सिंह तंवर ने विमोचन के अवसर पर कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा एवं कौशल के आधार पर भावि राष्ट्र के करणधारों के निर्माण में इस ज्ञान महाकुंभ में लिए जाने वाले निर्णय इंडिया से भारत की ओर ले जाने का मील का पत्थर साबित होगा। शिक्षाविद अनिल शर्मा ने बताया कि ज्ञान महाकुंभ के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा पद्धति को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को भाग लेना का आव्हान किया। इसके बाद न्यास के प्रतिनिधियों ने पोकरण प्रवास पर आये मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जैसलमेर शंकर सिंह उदावत, जैसलमेर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेशदत्त,पोकरण ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमशंकर जोशी पोकरण शहर यू सी ओ गोविंद कुमार से भेंटकर उन्हें ज्ञान महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया।

## पथ संचलन निकाला

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में सुभाष चंद्र बोस जयंती के निमित्त प्रधानाचार्य प्रवीण रावल व शिक्षकों के नेतृत्त्व में विद्या मंदिर के भैया बहिनों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग से विशाल पथ संचलन निकाला गया।

नगर में पथ संचलन के समय नगर निवासियों ने भैया-बहिनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत व उत्साह वर्धन किया । पथ संचलन आदर्श विद्या मंदिर कार्यालय, राणा चौक, बस स्टैंड, तहसील चौराहा, सेलवाडा रोड, रामदेव गली होते हुए पुनः विद्या मंदिर पहुंचा।

पथ संचलन के पश्चात सामुहिक कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण रावल द्वारा सुभाष चंद्र बोस के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का हमेशा ध्येय रहा है, कि वह राष्ट्रीय एकता को बल देते थे और राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए ताकतवर व बलशाली राष्ट की कामना करते थे। हमें नेताजी के पद चिन्हों पर चलकर बलशाली राष्ट्र की कामना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी।

उन्होंने भारतवासियों के दिलों में देशभक्ति की ऐसी अलख जगाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य तेजाराम ने सुभाषजी की जीवनी पर बातचीत की तथा कहा कि उनके पद चिन्हों पर चलकर हम भी सबके प्रेरणा स्त्रोत बनें। नेताजी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल है। इस अवसर पर विद्या मंदिर के भैया-बहिन सहित सभी आचार्य-आचार्याओ की उपस्थिति रही।

## 'अपात्र लोगों से होगी वसूली'

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले में खाद्य सुरक्षा के तहत गेहूं लेने वाले अपात्र लोगों की जल्द ही पोल खुलने वाली है। इसके लिए रसद विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग का गिवअप अभियान अभी जारी है। अपात्र लोग अभी स्वेच्छा से अपना नाम हटवा सकते हैं, इसके बाद विभाग की ओर से उनसे वसूली की जाएगी। यह अभियान विभाग की ओर से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। जिले में अब तक रसद विभाग की गिव अप योजना से सक्षम व्यक्तियों में जागरूकता आई है। अब तक जिले में स्वेच्छा 329 कार्ड धारकों ने गिव-अप अभियान में अपनी पात्रता छोड़ चुके है।

जिला रसद अधिकारी रामसिंह मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में इसके बाद विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा से जुड़े उपभोक्ताओं की जांच की जाएगी। यह सभी जांच ऑनलाइन माध्य से होगी। इसमें उपभोक्ताओं के बैंक खाते और परिवहन विभाग आदि से जानकारी जुटाई जाएगी। इसमें योजना के तहत अपात्र पाए जाने वाले उपभोक्ताओं से 27 रूपये प्रति किलो के हिसाब से वसूली की तैयारी शुरू कर दी है। इससे उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है।अभियान में आयकरदाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकार कर्मचारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत संस्था में कर्मचारी/अधिकारी एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय व परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन ट्रेंक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन जो जोविकोपार्जन में प्रयोग आते है को छोड़कर निष्कासन सूची में सम्मिलित है। इसके लिए राषन की दुकानों पर गिव-अप फार्म भरे जा रहे है। इच्छुक व्यक्ति निकटवर्ती राषन की दुकान पर गिव-अप अभियान का फार्म भरकर राषन की दुकान पर ही जमा करा सकते हैं।





